Postal Reg. No.GDP -45/2020-2022

अल्लाह तआला का आदेश

وَ لِلّٰہِ مَا فِی السَّمٰوٰتِ وَ مَا فِی الۡاَرۡضِ ؕ یَغۡفِرُ لِمَنۡ یَّشَآءُ وَ یُعَذِّبُ مَنۡ یَّشَآءُ ؕ وَ اللّٰہُ غَفُوۡرٌ رَّحِیۡمٌ

(सूरत आले-इम्रान आयत :130)

अनुवाद: और अल्लाह ही का है जो आकाशों और ज़मीन में है वह जिसे चाहता है क्षमा कर देता है और जिसे चाहता है आज़ाब देता है और अल्लाह बहुत क्षमा करने वाला और बार बार रहम करने वाला है।

بِسۡمِ اللّٰہِ الرَّحۡمٰنِ الرَّحِیۡمِ نَحۡمَدُہٗ وَنُصَلِّیۡ عَلٰی رَسُوۡلِہِ الۡکَرِیۡمِ وَعَلٰی عَبۡدِہِ الۡمَسِیۡحِ الۡمَوۡعُوۡدِ

وَلَقَدۡ نَصَرَکُمُ اللّٰہُ بِبَدۡرٍ وَّاَنۡتُمۡ اَذِلَّۃٌ

वर्ष 5

मूल्य 500 रुपए वार्षिक

साप्ताहिक क़ादियान

बदर

Weekly BADAR Qadian HINDI

अंक- 31

संपादक शेख़ मुजाहिद अहमद

उप संपादक सय्यद मुहियुद्दीन फरीद

8 ज़विल हज्जा 1441 हिजरी कमरी 30 वफा 1399 हिजरी शमसी 30 जुलाई 2020 ई.

अख़बार-ए-अहमदिया

रूहानी ख़लीफ़ा इमाम जमाअत अहमदिया हज़रत मिर्ज़ा मसरूर अहमद साहिब ख़लीफ़तुल मसीह ख़ामिस अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्रेहिल;ल अज़ीज सकुशल हैं। अलहम्दोलिल्लाह। अल्लाह तआला हुज़ूर को सेहत तथा सलामती से रखे तथा प्रत्येक क्षण अपना फ़ज़ल नाज़िल करे। आमीन

ज़रूरत है नेक कर्मों की। ख़ुदा तआला के हुज़ूर अगर कोई चीज़ जा सकती है तो वे यही कर्म हैं। अगर केवल मौखिक बात तक और दिखावा तक ही बात हो तो दूसरे लोगों में और हम में फिर अन्तर क्या होगा और दूसरों पर क्या बरतरी! तुम सिर्फ अपना व्यावहारिक नमूना दिखाओ और इस में एक ऐसी चमक हो कि दूसरों उस को क़बूल कर लें।

उपदेश सय्यदना हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम

नेक कर्म और तक़्वा

मैं अपनी जमाअत को सम्बोधित करके कहता हूँ कि ज़रूरत है नेक कर्मों की। ख़ुदा तआला के हुज़ूर अगर कोई चीज़ जा सकती है तो वे यही कर्म हैं। اِلَیۡہِ یَصۡعَدُ الۡکَلِمُ الطَّیِّبُ (फ़ातिर:11) स्वंय ख़ुदा तआला फ़रमाता है। इस वक़्त हमारे क़लम रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की तलवारों के बराबर हैं लेकिन विजय और सहायता उसी को मिलती है जो मुत्तक़ी हो। ख़ुदा तआला ने यह वादा फ़र्मा दिया है। کَانَ حَقًّا عَلَیۡنَا نَصۡرُ الۡمُؤۡمِنِیۡنَ (अर्रूम:48) मोमिनों की सहायता हमारे जिम्मा है। और لَنۡ یَّجۡعَلَ اللّٰہُ لِلۡکٰفِرِیۡنَ عَلَی الۡمُؤۡمِنِیۡنَ سَبِیۡلًا (अन्निसा :142) अल्लाह मोमिनों पर काफ़िरों को राह नहीं देता इस लिए याद रखो कि तुम्हारी फ़तह तक़्वा से है वर्ना अरब तो केवल लेक्चरार और ख़तीब और शायर ही थे। उन्होंने तक़्वा धारण किया। ख़ुदा तआला ने अपने फ़रिश्ते उनकी सहायता के लिए अवतरित किए। इतिहास को अगर इन्सान पढ़े तो उसे नज़र आएगा कि सहाबा किराम रिज़्वानुल्लाह अलैहिम अजमईन ने जितनी विजय कीं वे इन्सानी ताक़त और कोशिश का नतीजा नहीं हो सकती। हज़रत उस्मान रज़ी अल्लाह अन्हो तक बीस साल के अंदर ही अंदर इस्लामी सल्तनत विश्वव्यापी हो गई। अब हमको कोई बताए कि इन्सान ऐसा कर सकता है? इसी लिए अल्लाह तआला बार बार फ़रमाता है اِنَّ اللّٰہَ مَعَ الَّذِیۡنَ اتَّقَوۡا وَّ الَّذِیۡنَ ہُمۡ مُّحۡسِنُوۡنَ (अन्नहल:129) अल्लाह तआला मुत्तक़ियों के साथ है और सिर्फ तक़्वा मुहब्बत इलाही को जज़्ब नहीं करता وَّ الَّذِیۡنَ ہُمۡ مُّحۡسِنُوۡنَ भी हूँ।

मुत्तक़ी और मुहसिन

मुत्तक़ी के अर्थ हैं डरने वाला। एक बुराई को छोड़ना होता है और एक ख़ैर को चाहना। मुत्तक़ी बुराई को छोड़ने का अर्थ अपने अंदर रखता है और मुहसिन ख़ैर को चाहता है। मैंने इस के बारे में एक हिकायत पढ़ी है कि एक बुज़ुर्ग ने किसी की दावत की और अपनी तरफ़ से मेहमान नवाज़ी का पूरा प्रबन्ध किया और हक़ अदा किया। जब वह खाना खा चुका तो बुज़ुर्ग ने बड़ी विनम्रता से कहा कि मैं आपके योग्य सेवा नहीं कर सका। मेहमान ने कहा कि आपने मुझ पर कोई एहसान नहीं किया बल्कि मैंने एहसान किया है क्योंकि जिस समय तुम व्यस्त थे मैंने तुम्हारे मकान को आग नहीं लगाई अगर मैं तुम्हारी जायदाद को आग लगा देता तो क्या होता। अत: मुत्तक़ी का काम यह है कि बुराईयों से रुक जाए। इस से आगे दूसरा दर्जा ख़ैर चाहने का है। जिसको यहां मुहसनीन के शब्द से अदा किया गया है कि नेकियां भी करे। पूरा सच्चा इन्सान तब होता है जब बुराइयों से बच कर यह अध्ययन करे कि नेकी कौन सी की है?

कहते हैं कि इमाम हुसैन रज़ी अल्लाह अन्हो के पास एक नौकर चाय की प्याली लाया। जब क़रीब आया तो ग़फ़लत से वह प्याली आप रज़ि के सिर पर गिर पड़ी। आप ने तकलीफ़ महसूस करके ज़रा तेज़ नज़र से ग़ुलाम की तरफ़ देखा। ग़ुलाम ने धीरे से पढ़ा। وَ الۡکٰظِمِیۡنَ الۡغَیۡظَ (आले इम्रान :135) यह सुन कर इमाम हुसैन रज़ी अल्लाह अन्हो ने फ़रमाया کَظَمۡتُ (कज़मतु) ग़ुलाम ने फिर कहा وَ الۡعَافِیۡنَ عَنِ النَّاسِ ۔ कज़म में इन्सान ग़ुस्सा दबा लेता है और इज़्हार नहीं करता है परन्तु अंदर से पूरी रजामन्दी नहीं होती इस लिए अफ़्व की शर्त लगा दी है। आप ने कहा कि मैंने अफ़्व किया। फिर पड़ा وَ اللّٰہُ یُحِبُّ الۡمُحۡسِنِیۡنَ ۔ अल्लाह के महबूब वही होते हैं जो कज़्म और अफ़्व के बाद नेकी भी करते हैं। आप ने फ़रमाया: जा तुझे आज़ाद भी किया। सच्चों के शिष्टाचार ऐसे हैं कि चाय की प्याली गिरा कर आज़ाद हुआ। अब बताओ कि यह शिष्टाचार उसूल की उम्दगी ही से पैदा हुआ।

आँहज़रत सल्लल्लाहो वसल्लम की क़ुव्वत क़ुदसी

अल्लाह तआला ने फ़रमाया فَاسۡتَقِمۡ کَمَاۤ اُمِرۡتَ (हूद: 113) अर्थात सीधा होजा। किसी प्रकार का बुरा काम, टेड़ापन न रहे फिर राज़ी हूँगा। स्वंय भी सीधा हो जा और दूसरों को भी सीधा कर। अरब के लिए सीधा करना कितना मुश्किल था। रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने लोगों के पूछने पर फ़रमाया कि मुझे सूरह हूद ने बूढ़ा कर दिया। क्योंकि इस हुक्म की दृष्टि से बड़ी भारी जिम्मेदारी मेरे सुपुर्द हुई है। अपने आपको सीधा करना और अल्लाह तआला के आदेशों की पूरी फ़रमांबर्दारी करना जहां तक इन्सान की अपनी ज़ात से सम्बन्धित है संभव है कि वह इस को पूरा करे लेकिन दूसरों को वैसा ही बनाना आसान नहीं है। इस से हमारे नबी करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की बुलंद शान और क़ुव्वत क़ुदसी का पता लगता है अत: आप ने इस हुक्म का कैसा अनुकरण किया। सहाबा कराम रज़ि की वह पाक जमाअत तैयार की कि उनको کُنۡتُمۡ خَیۡرَ اُمَّۃٍ اُخۡرِجَتۡ لِلنَّاسِ (आले इम्रान111) कहा गया है और رَضِیَ اللّٰہُ عَنۡہُمۡ وَ رَضُوۡا عَنۡہُ (अल्बय्यन: 9) की आवाज़ उन को आ गई। आप की ज़िन्दगी में कोई भी मुनाफ़िक़ मदीना तय्यबा में न रहा। अत: ऐसी कामयाबी आप को मिली कि इस का उदाहरण किसी दूसरे नबी के जीवन की घटनाओं में नहीं मिलता। इस से अल्लाह तआला का उद्देश्य यह था कि बातचीत ही तक बात न रखनी चाहिए, क्योंकि अगर केवल मौखिक बात तक और दिखावा तक ही बात हो तो दूसरे लोगों में और हम में फिर अन्तर क्या होगा और दूसरों पर क्या बरतरी! तुम सिर्फ अपना व्यावहारिक आचरण दिखाओ और इस में एक ऐसी चमक हो कि दूसरों उस को क़बूल कर लें क्योंकि जब तक इस में चमक न हो कोई उस को क़बूल नहीं करता। क्या कोई इन्सान मैली कुचैली चीज़ पसन्द कर सकता है? जब तक कपड़े में एक दाग़ भी हो वह अच्छा नहीं लगता। इसी तरह जब तक तुम्हारी अंदरूनी हालत में सफ़ाई और चमक न होगी कोई ख़रीदार नहीं हो सकता। हर आदमी उत्तम चीज़ को पसंद करता है इसी तरह जब तक तुम्हारे अख़लाक़ उच्च दर्जा के न हों किसी स्थान तक नहीं पहुंच सकोगे।

(मल्फ़ूज़ात भाग 1 पृष्ठ 165 से 167 प्रकाशन 2008 क़ादियान)

जमील अहमद नासिर प्रिंटर एवं पब्लिशर ने फ़ज़्ल-ए-उमर प्रिंटिंग प्रेस क़ादियान में छपवा कर दफ़्तर अख़बार बदर से प्रकाशित किया। प्रौपराइटर - निगरान बदर बोर्ड क़ादियान

सय्यदना हज़रत अमीरुल मोमिनीन ख़लीफतुल मसीह अलख़ामिस अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्त्रेहिल अज़ीज़ का यूरोप का सफर, सितम्बर अक्तूबर 2019 ई (भाग-13)

मस्जिद मुबारक का उद्घाटन आयोजन, ख़िताब हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्त्रेहिल अज़ीज़

(रिपोर्ट: अब्दुल माजिद ताहिर, एडिशनल वकीलुत्तबशीर लंदन)

(अनुवादक: शेख मुजाहिद अहमद शास्त्री)

12 अक्तूबर 2019 ई (दिनांक हफ़्ता)

Justin Vogel साहिब जो डिस्ट्रिक्ट कौंसल आफ़ Kochersberg के प्रैज़ीडैंट हैं, ने अपने विचारों को वर्णन करते हुए कहा: शुरू में मेरी बहुत सी शंकाएं थी जब मेरे इलम में यह बात आई कि यहां मस्जिद बनने वाली है। लेकिन जब मैंने आप लोगों का यह नारा सुना कि"मुहब्बत सबसे और नफ़रत किसी से नहीं' तो मुझे यह विचार आया कि आज की दुनिया में किस तरह हो सकता है कि कोई इतना प्यार से भरा हुआ नारा लगाए और उसे स्वीकार न किया जाए।

जमाअत अहमदिया तो दहशतगर्दी और शिद्दत पसंदी के ख़िलाफ़ एक तलवार बन सकती है और अहम भूमिका अदा कर सकती है। फ्रांस में अभी तक लोग जमाअत अहमदिया को इतना तो नहीं जानते लेकिन शिद्दत पसंदी और वर्तमान की मुश्किलों के ख़िलाफ़ अहमदियत को प्रोमोट किया जाना चाहिए और इस का हल यही है।

Luc Ginzc साहिब जो शहर Kienheim के मेयर हैं ने ,अपने विचारों का इज़हार करते हुए कहा: मैं पहली बार मस्जिद में आया हूँ, अगर मस्जिद में आना यह चीज़ है तो मैं रोज़ाना मस्जिद में आऊँगा। मुझे मस्जिद में आना इतना अच्छा लगा और शान्ति मिली है कि मैं इस का वर्णन नहीं कर सकता।

Denis Babilonne साहिबा जो Flag bearers Association की प्रैज़ीडैंट हैं , ने अपने विचारों का इज़हार करते हुए कहा: जब मैंने अपने साथियों को बताया कि मस्जिद जाना है तो कुछ ने इन्कार कर दिया कि नहीं जाना। लेकिन जब हम यहां आए तो हम हैरान रह गए। यहां के लोगों ने हमारी इतनी मेहमान-नवाज़ी की और मुहब्बत का सुलूक किया। यह हम अब बाक़ियों को जा कर बताएँगे। फिर शायद वे भी एक दिन मस्जिद आ जाएं।

Martin Wonner साहिबा जो नैशनल पार्लीमैंट की मैंबर हैं ने अपने Facebook page पर यह कमंट किया: सैकूलर इज़म हमारी रियासत की बुनियाद है जो कि आज़ादी धर्म का विचार रखती है। यह मेरे विचार थे आज मह्दी Hurtigheim के उद्घाटन के अवसर पर। अगर कुछ चुने हुए हुकूमती ओहदेदार जिनके दिलोदिमाग में कुछ शंकाएं थी, आज आपके भाई चारा और प्रेम और खुले दिल का निशान देख कर वे दूर होने चाहिए थे। इस बात का मुझे कोई शक नहीं कि Hurtigheim वाले और Kochersberg वाले, जमाअत अहमदिया के इस माटो "मुहब्बत सब के लिए और नफ़रत किसी से नहीं "के साथ एक गहरा सम्बन्ध स्थापित करेंगे।

एक मेहमान औरत ने अपने विचारों को वर्णन करते हुए कहा: जब मुझे मस्जिद के उद्घाटन की दावत मिली तो मैंने पहले इंटरनैट पर तहक़ीक़ की कि यह किस किस्म के मुसलमान हैं। जब मुझे तसल्ली हुई कि यह अमन पसन्द और प्यार तथा मुहब्बत करने वाले लोग हैं तो फिर मैंने इरादा किया कि मैं ज़रूर जाऊँगी। अत: वह अपने बाग़ के अंगूर का एक बहुत बड़ा टोकरा लेकर आई। इधर आकर उसने समस्त ख़ुद्दाम और अन्य लोगों को वे अंगूर बांट दिए और साथ अपने घर की दावत भी दी कि वहां आओ और आकर और अंगूर भी ले लो। वह आज के इस आयोजन से बहुत ख़ुश थी।

एक डाक्टर साहिब अपनी पत्नी के साथ तशरीफ़ लाए जिनका सम्बन्ध इसी गांव से था। उन्होंने कहा: हमें इस क्षेत्र में आप जैसे लोगों की बहुत ज़रूरत है। हमें ख़ुशी हुई कि आप लोग यहां हैं। इस वक़्त दुनियामें जो अफ़रा-तफ़री और बदनज़्मी है इस माहौल में आपकी बहुत ज़रूरत है। आप अमन स्थापित करने वाले और मुहब्बत तथा प्यार करने वाले हैं।

एक स्थानीय अख़बार में कवरेज

यहां की एक स्थानीय अख़बार' DNA"ने (जो प्रान्त की सबसे बड़ी अख़बार है और इसका दैनिक प्रकाशन एक लाख 50 हज़ार है) मस्जिद के उद्घाटन के हवाले से ख़बर प्रकाशित करते हुए लिखा

फसलों में एक मस्जिद जो "मुहब्बत सब के लिए" पुकार रही है।

तीन साल काम के बाद और गांव के एक हिस्सा की हिचकिचाहट के बावजूद, जमाअत अहमदिया के लोग अब Hurtigheim में बनाई गई एक नई मस्जिद में नमाज़ अदा करेंगे। यह Kochensberg की पहली मस्जिद है। इस मस्जिद का उद्घाटन यक़ीनन एक तारीख़ी लम्हा है

इस गांव (Hurtigheim) में दाख़िल होते साथ ही मकई के खेतों के मध्य एक ख़ूबसूरत मस्जिद बनाने की जमाअत अहमदिया को तौफ़ीक़ मिली। लगभग 130 के क़रीब अहमदी इस जमाअत स्ट्रॉसबर्ग में रहते हैं। पहले एक दूसरे के घर में नमाज़ें अदा करते थे। अब इस मस्जिद में आकर नमाज़ अदा करेंगे। दुनिया के विभिन्न देशों, विशेषकर अल-जज़ाइर और पाकिस्तान में persecution का शिकार यह जमाअत वहां बहुत एहतियात से रहती है

2route des romains hurtigheim मैं इस जमाअत ने अपनी यहां की पहली मस्जिद और फ्रांस की दूसरी मस्जिद बनाई है। पहली मस्जिद Saint Prix में है और एक तीसरी बनाने के स्तर में है जो कि Beuvrages में है

अशफ़ाक़ रब्बानी साहिब अमीर जमाअत अहमदिया फ्रांस के अनुसार हम ने और बहुत स्थान देखे ख़रीद के क़रीब क़रीब भी पहुंच गए, परन्तु यहां के मेयर ने हमें स्वीकार किया और आज्ञा दी।

हज़रत मिर्ज़ा मसरूर अहमद ख़लीफ़ ने फ़रमाया कि हम मस्जिदें जमाअत के लोगों की ज़रूरतों और संख्या के अनुसार बनाते हैं। यहां 5 विभिन्न क़ौमियतों के अहमदी आबाद हैं और संख्या भी बढ़ रही है और हमारे लिए इस की ज़रूरत थी। लगभग 5 लाख यूरो लगे मस्जिद पर जो कि पूर्ण तौर पर जमाअत के लोगों ने अदा किए। नमाज़ का हाल 154 वर्ग मीटर है। जिसमें 250 लोगों आ सकते हैं, दो दफ़्तर हैं और एक लाइब्रेरी, और एक छोटा रिस्पशन हाल है। 60 गाड़ियों का स्थान है। साथ ही जुड़ा एक घर है जो मुरब्बी की रिहाइश है

अशफ़ाक़ रब्बानी साहिब अमीर जमाअत अहमदिया फ्रांस कहते हैं कि यह एक साधारण मस्जिद है, जिस तरह मेयर चाहते थे वैसी ही बनी है। जो माहौल का भी विचार रखती है और मानवता की रवायतों को भी बरक़रार रखे हुए है।

Hurtigheim के मेयर ने कहा कि बहुत से लोगों ने मुझे कहा और मेरे व्यवहार से मतभेद किया जो मैंने आपकी तरफ़ रखा हुआ था, जिनमें बैरूनी शहर के लोग भी शामिल हैं। फिर कहा कि यह मस्जिद हमेशा मुल्क के नियमों के अनुसार थी और रहेगी। आप लोगों को यहां 7 साल हो गए हैं, आप हमारे functions में शामिल होते हैं, सर्व धर्म कान्फ्रेंस आयोजित करते हैं, नए साल के अवसर पर सड़कों की सफाई करते हैं। आप अपने यह काम जारी रखें।

फिर कहा कि हमारे क्षेत्र में मस्जिद को स्वीकार करने में थोड़ा वक़्त लगेगा Kochersberg के सदर ने कहा कि पहले मैंने इस योजना का विरोध किया था, परन्तु जब आपका "मुहब्बत सब के लिए " वाला नारा मेरे सामने आया तो फिर मैंने सोचा कि आज की दुनिया में कैसे हो सकता है कि कोई इतना अच्छा नारा लगाए और फिर उस को स्वीकार न किया जाए। फिर उन्होंने इस अवसर को तारीख़ वाला दिन कहा।

इन सब के जवाब में ख़लीफ़ा साहिब ने फ़रमाया कि इस्लाम कहता है कि हमें अपने पड़ोसियों का ध्यान रखना चाहिए, जिस तरह हम अपने क़रीबी और माता पिता का रखते हैं। समस्त लोगों जो हमारी इस मस्जिद के क़रीब रहते हैं हमारे पड़ोसी हैं हमारा फ़र्ज़ है कि हम उनकी सेवा जारी रखें।

13 अक्तूबर 2019 ई (दिनांक इतवार)

हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्रेहिल अज़ीज़ ने सुबह 6 बजकर 30 मिनट पर मस्जिद मह्दी में तशरीफ़ ला कर नमाज़ फ़ज्र पढ़ाई। नमाज़ की अदायगी के बाद हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्रेहिल अज़ीज़ अपनी रिहाइश गाह

शेष पृष्ठ 8 पर

ख़ुत्ब: जुमअ:

रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया हे इब्ने औफ़ ! तुम जन्नत में रेंगते हुए दाख़िल होगे क्योंकि मालदार हो। अत: ख़ुदा के मार्ग में ख़र्च करो ताकि अपने क़दमों पर चल कर जन्नत में दाख़िल हो सको।

आं हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के महान बदरी सहाबा अल्लाह तआला के मार्ग में बहुत अधिक ख़र्च करने वाले हज़रत अब्दुर्ररहमान बिन औफ़ और इस्लाम और इस्लाम के संस्थापक के एक निहायत जान कुर्बान करने वाले आशिक़, बहुत अधिक मुख़लिस, बहुत अधिक फ़िदाई , उच्च स्तर के वफ़ादार और क़बीला औस के सबसे बड़े सरदार हज़रत सअद बिन मुआज़ रज़ी अल्लाह अन्हुमा के प्रशंसनीय गुणों का वर्णन।

उस्मान बिन अफ्फान रज़ि और अब्दुर्ररहमान बिन औफ़ रज़ि ज़मीन पर अल्लाह तआला के ख़ज़ानों में से दो खज़ाने हैं जो अल्लाह की प्रसन्नता के लिए ख़र्च करते हैं।

ख़ुत्ब: जुमअ: सय्यदना अमीरुल मो'मिनीन हज़रत मिर्ज़ा मसरूर अहमद ख़लीफ़तुल मसीह पंचम अय्यदहुल्लाहो तआला बिनस्रिहिल अज़ीज़, दिनांक 26 जून 2020 ई. स्थान - मस्जिद मुबारक़ इस्लामाबाद सिर्रे (यू.के)

أَشْهَدُ أَنْ لَّا إِلٰهَ إِلَّا اللّٰهُ وَحْدَهٗ لَا شَرِيْكَ لَهٗ وَأَشْهَدُ أَنَّ مُحَمَّدًا عَبْدُهٗ وَرَسُوْلُهٗ
أَمَّا بَعْدُ فَأَعُوْذُ بِاللّٰهِ مِنَ الشَّيْطٰنِ الرَّجِيْمِ ۔ بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ ۔ اَلْحَمْدُ لِلّٰهِ رَبِّ الْعٰلَمِيْنَ ۔ اَلرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ ۔ مٰلِكِ يَوْمِ الدِّيْنِ ۔ إِيَّاكَ نَعْبُدُ وَإِيَّاكَ نَسْتَعِيْنُ ۔ اِهْدِنَا الصِّرَاطَ الْمُسْتَقِيْمَ ۔ صِرَاطَ الَّذِيْنَ أَنْعَمْتَ عَلَيْهِمْ ۔ غَيْرِ الْمَغْضُوْبِ عَلَيْهِمْ وَلَا الضَّآلِّيْنَ

पिछले ख़ुत्बा में भी हज़रत अब्दुर्रहमान बिन औफ़ रज़ि का वर्णन किया गया था और शेष कुछ हिस्सा इस वर्णन का रहता था जो आज वर्णन करूँगा। हज़रत अब्दुर्रहमान बिन औफ़ रज़ि का दान भी प्रसिद्ध था और माली क़ुर्बानियां भी उन्होंने बहुत कीं। इस हवाला से आज अधिकतर हवाले हैं। एक रिवायत में है कि हज़रत अब्दुर्रहमान बिन औफ़ रज़ि ने वसीयत की थी कि जंग बदर में शरीक होने वाले हर एक को चार-सौ दीनार उनके तरका में से दिए जाएं। अत: इस का पालन किया गया उस वक़्त उन अस्हाब की संख्या 100 थी।

(अल-असाब: फ़ी तमीज़िस्सहाब: भाग 4 पृष्ठ 293 अब्दुर्रहमान बिन औफ़ दारुल फिक्र बैरूत 1995 ई)

रसूल करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने जब सहाबा किराम रज़ि को जंग तबूक की तैयारी के लिए आदेश दिया तो आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने उमीरों को अल्लाह की राह में माल और सवारी मुहय्या करने की तहरीक भी फ़रमाई। इस पर सबसे पहले हज़रत अबू बकर रज़ि आए और अपने घर का सारा माल ले आए जो कि चार हज़ार दिरहम थे। रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने हज़रत अबू बकर रज़ि से पूछा कि अपने घर वालों के लिए भी कुछ छोड़ा है तो उन्होंने निवेदन किया कि घर वालों के लिए अल्लाह और उस का रसूल छोड़ आया हूँ। हज़रत उमर रज़ि अपने घर का आधा माल लेकर आए। आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने हज़रत उमर रज़ि से पूछा कि अपने घर वालों के लिए भी कुछ छोड़ा है तो उन्होंने निवेदन किया आधा छोड़कर आया हूँ।

हज़रत अब्दुर्रहमान बिन औफ़ रज़ि ने एक सौ औक़िया दिए। एक औक़िया चालीस दिरहम का होता है। अर्थात लगभग चार हज़ार दिरहम। आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया कि उसमान बिन अफ्फान रज़ि और अब्दुर्रहमान बिन औफ़ रज़ि ज़मीन पर अल्लाह तआला के ख़ज़ानों में से दो खज़ाने हैं जो अल्लाह की रज़ा के लिए ख़र्च करते हैं।

(अस्सीरतुल हल्बिया भाग 3 पृष्ठ 184 जंग तबूक प्रकाशन दारुल कुतुब अल्इलमिया बैरूत 2002 ई)

(लुग़ातुल हदीस भाग 4 पृष्ठ 527 ज़ेर लफ़्ज़ "औक़िया)

हज़रत उम बक्र बिन्त मिसा रज़ि रिवायत करती हैं कि हज़रत अब्दुर्रहमान बिन औफ़ रज़ि ने हज़रत उसमान रज़ि से एक ज़मीन चालीस हज़ार दीनार के मूल्य में ख़रीदी और बनू ज़ुहरा के गरीबों और ज़रूरतमंदों और उम्माहातुल मोमिनीन में बांट दी। मिसवर बिन मख़रमा कहते हैं कि जब मैंने हज़रत आयशा रज़ी अल्लाह तआला अन्हा को इस ज़मीन में से उनका हिस्सा दिया तो हज़रत आयशा रज़ि ने पूछा कि यह किस ने भेजा है? मैंने कहा अब्दुर्रहमान बिन औफ़ रज़ि ने। तो हज़रत आयशा रज़ि ने फ़रमाया कि रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया है कि मेरे बाद तुम से हुस्ने सुलूक वही करेगा जो निहायत दर्जा सब्र करने वाला होगा। फिर आप ने दुआ दी कि हे अल्लाह अब्दुर्रहमान बिन औफ़ रज़ि को जन्नत के चश्मा सलसबील का पानी पिला।

(अत्तबकातुल कुबरा ले-इब्ने सअद भाग 3 पृष्ठ 98 अब्दुर्रहमान बिन औफ़ दारुल कुतुब अल्इलमिया बैरूत 1990 ई)

(रोशन सितारे लेखक ग़ुलाम बारी सैफ़ साहिब भाग 2 पृष्ठ 119)

एक रिवायत में है कि रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया मेरे बाद मेरे मेरे घर वालो की ख़बरगीरी करने वाला शख़्स सच्चा और नेक ही होगा। अत: अब्दुर्रहमान बिन औफ़ रज़ि उम्माहातुल मोमिनीन रज़ि को उनकी सवारियों समेत लेकर निकलते। उन्हें हज कराते और उनके कुजावों पर पर्दे डालते और पड़ाव के लिए ऐसी घाटियाँ चुनते जिनमें गुज़रगाह न होती ताकि बेपर्दगी न हो और आज़ादी से वे पड़ाव कर सकें।

(अल-असाब: फ़ी तमीज़िस्सहाब: भाग 4 पृष्ठ 292 अब्दुर्रहमान बिन औफ़ दारुल फिक्र बैरूत 1995 ई)

एक बार मदीना में खाद्य पदार्थों का अक़ाल था। उसी समय में शाम से सात सौ ऊंटों पर आधारित गंदुम, आटा और खाने पीने की चीज़ों का क़ाफ़िला मदीना आया जिससे मदीने में हर तरफ़ शोर मच गया। हज़रत आयशा रज़ि ने पूछा यह शोर कैसा है?निवेदन किया कि हज़रत अब्दुर्रहमान बिन औफ़ रज़ि का सात सौ ऊंटों का क़ाफ़िला आया है जिस पर गेंहू आटा और खाने की चीज़ें लदी हुई हैं। उम्मुल मोमिनीन हज़रत आयशा रज़ी अल्लाह तआला अन्हा ने फ़रमाया कि मैंने नबी अकरम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम से सुना है, आप फ़रमाते थे कि अब्दुर्रहमान रज़ि जन्नत में घुटनों के बल दाख़िल होगा। उम्मुल मोमिनीन हज़रत आयशा रज़ि की यह रिवायत जब हज़रत अब्दुर्रहमान बिन औफ़ रज़ि को पहुंची तो वह आप की सेवा में हाज़िर हुए और कहा कि माँ! मैं आप को गवाह ठहराता हूँ कि यह सारा खाना और खाने पीने की चीज़ें और ये सब सवारियां और ऊंटों के पालान तक मैंने ख़ुदा की राह में दे दिए ताकि मैं चल कर जन्नत में जाऊं।

(उसदुल ग़ाबह फ़ी मअरफतिस्सहाबा भाग 3 पृष्ठ 478 अब्दुर्रहमान बिन औफ़ दारुल कुतुब अल्इलमिया बैरूत)

(रोशन सितारे ग़ुलाम बारी सैफ़ साहिब भाग 2 पृष्ठ 110-111)

हज़रत अब्दुर्रहमान बिन औफ़ रज़ि की अल्लाह के मार्ग में खर्च करने की बहुत सारी घटनाएं सहाबा के हालात जमा करने वालों ने जमा कीं हैं। उसदुल ग़ाबह में लिखा है कि अब्दुर्रहमान बिन औफ़ रज़ि ख़ुदा की राह में ख़र्च करने वाले थे। एक-बार उन्होंने एक दिन में तीस ग़ुलाम आज़ाद किए।

(रोशन सितारे ग़ुलाम बारी सैफ़ साहिब भाग 2 पृष्ठ 110)

एक बार हज़रत उमर रज़ि को कुछ रुपए की ज़रूरत थी। उन्होंने हज़रत अब्दुर्रहमान बिन औफ़ रज़ि से क़र्ज़ मांगा। उन्होंने कहा हे अमीरुल-मोमनीन आप मुझ से ही क्यों मांगते हैं। आप बैयतुल माल से भी क़र्ज़ ले सकते हैं और उस्मान रज़ि या किसी और सामर्थ्य वाले से भी। हज़रत उमर रज़ि ने फ़रमाया ऐसा इसलिए

करता हूँ कि शायद बैयतुल माल को रक़म वापस करना भूल जाऊं और किसी दूसरे से लूं तो शायद वह लिहाज़ या किसी और वजह से मुझसे रक़म की वापसी की मांग न करे और मैं भूल जाऊं लेकिन तुम अपनी रक़म मुझसे मांग कर भी ज़रूर वापस ले लोगे।

(अश्रा मुबश्रा बशीर साजिद पृष्ठ 882 अल्बदर पब्लेक्शनज़ लाहौर) आपस में बे-तकल्लुफ़ी की यह अवस्था थी और जब उनको ज़रूरत होती तो वह ले भी लिया करते थे, ले भी सकते थे।

हज़रत अब्दुर्रहमान बिन औफ़ रज़ि के बेटे इब्राहीम अपने पिता से रिवायत करते हैं कि रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया हे इब्ने औफ़ तुम जन्नत में रेंगते हुए दाख़िल होगे क्योंकि मालदार हो। अत: ख़ुदा की राह में ख़र्च करो ताकि अपने क़दमों पर चल कर जन्नत में दाख़िल हो सको। यह जो हज़रत आयशा वाली पहली रिवायत है इस से भी यह मिलती जुलती रिवायत है। तो हज़रत अब्दुर्रहमान बिन औफ़ रज़ि ने निवेदन किया कि हे रसूलुल्लाह ख़ुदा की राह में क्या ख़र्च करूँ? फ़रमाया जो मौजूद है ख़र्च करो। निवेदन किया हे रसूलुल्लाह क्या सारा? फ़रमाया हाँ। हज़रत अब्दुर्रहमान रज़ि यह इरादा कर के निकले कि सारा माल ख़ुदा की राह में दे दूँगा। थोड़ी देर बाद रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने उन्हें बुलाया और फ़रमाया कि तुम्हारे जाने के बाद जिब्राईल आए। उन्होंने कहा कि अब्दुर्रहमान को कहो कि मेहमान-नवाज़ी करे। मिस्कीन को खाना खिलाए। मांगने वाले को दे और दूसरों की तुलना में रिश्तेदारों पर पहले ख़र्च करे। जब वह ऐसा करेगा तो उस का माल पवित्र हो जाएगा।

(अत्तबकातुल कुबरा ले इब्ने सअद भाग 3 पृष्ठ 97 मिन बनी ज़हर बिन किलाब दारुल कुतुब अल्इलमिया बैरूत 1990 ई)

(रोशन सितारे ग़ुलाम बारी सैफ़ साहिब पृष्ठ 112)

और पवित्र माल , अल्लाह तआला की राह में ऐसा ख़र्च किया हुआ माल जो है इस से फिर घुटनों के बल नहीं बल्कि आप ने फ़रमाया कि पांव पर खड़े हो कर जन्नत में जाओगे। नतीजा आगे यही निकलता है। एक-बार अपना आधा माल जो चार हज़ार दिरहम था ख़ुदा की राह में दे दिया। फिर एक बार चालीस हज़ार दिरहम। फिर एक-बार चालीस हज़ार दीनार ख़ुदा की राह में सदक़ा दिया। एक बार पाँच सौ घोड़े ख़ुदा की राह में वक़्फ़ किए। फिर दूसरी बार पाँच सौ ऊंट ख़ुदा की राह में दे दिए।

(उसदुल ग़ाबह फ़ी मअरफतिस्सहाबा भाग 3 पृष्ठ 478 अब्दुर्रहमान बिन औफ़ दारुल कुतुब अल्इलमिया बैरूत)

(रोशन सितारे ग़ुलाम बारी सैफ़ साहिब भाग 2 पृष्ठ 111)

हज़रत अब्दुर्रहमान बिन औफ़ रज़ि के बेटे अबू सलमा रिवायत करते हैं कि हमारे अब्बा ने उम्हातुल मोमेनीन रज़ि के हक़ में एक बाग़ीचे की वसीयत फ़रमाई। इस बाग़ीचे की क़ीमत चार लाख दिरहम थी

(रोशन सितारे ग़ुलाम बारी सैफ़ साहिब भाग 2 पृष्ठ 119)

हज़रत अब्दुर्रहमान बिन औफ़ रज़ि ने ख़ुदा के मार्ग में देने के लिए पचास हज़ार दीनार की वसीयत की थी। तर्के में एक हज़ार ऊंट, तीन हज़ार बकरीयां, सौ घोड़े थे जो बक़ीअ (नामक स्थान) में चरते थे। जुर फजू मदीना से तीन मील उत्तर की तरफ एक जगह है जहां हज़रत उमर रज़ि की कुछ जायदाद थी। इस स्थान पर बीस पानी खींचने वाले ऊंटों से आप खेती करते थे और इसी से घर वालों के लिए साल भर का खाना मिल जाता था। एक रिवायत में है कि तर्के में इतना सोना छोड़ा जो कुल्हाड़ियों से काटा गया यहां तक कि लोगों के हाथों में इस से छाले पड़ गए।

(अत्तबकातुल कुबरा ले इब्ने सअद भाग 3 पृष्ठ 100-101अब्दुर्रहमान बिन औफ़ दारुल कुतुब अल्इलमिया बैरूत 1990 ई)(रोशन सितारे ग़ुलाम बारी सैफ़ साहिब भाग 2 पृष्ठ 118)(फ़र्हंग सीरत पृष्ठ 87 ज़व्वार एकेडेमी कराची 2003 ई)

हज़रत अब्दुर्रहमान बिन औफ़ रज़ि का देहान्त 31 हिज्री में हुआ। कुछ के निकट बत्तीस हिज्री में हुआ। बहत्तर (72) वर्ष ज़िन्दा रहे। कुछ के निकट अठहत्तर बरस और जन्नतुल बक़ी में दफ़न हुए। हज़रत उसमान रज़ि ने उनकी नमाज़ जनाज़ा पढ़ाई। एक कथन के अनुसार हज़रत ज़ुबैर बिन अवाम रज़ि ने जनाज़ा पढ़ाया

(अल-असाबः फ़ी तमीज़िस्सहाबः भाग 4 पृष्ठ 293 अब्दुर्रहमान बिन औफ़ दारुल फिक्र बैरूत 1995 ई)(अत्तबकातुल कुबरा ले इब्ने सअद भाग 3 पृष्ठ 100अब्दुर्रहमान बिन औफ़ दारुल कुतुब अल्इलमिया बैरूत 1990 ई)

हज़रत अब्दुर्रहमान बिन औफ़ रज़ि के देहान्त पर चारपाई के पास खड़े हो कर हज़रत सअद बिन मालिक रज़ि ने कहा। "वा जबलाह" कि हाय अफ़सोस पहाड़ जैसी शख़्सियत उठ गई। हज़रत अली रज़ि ने फ़रमाया इब्ने औफ़ इस दुनिया से विदा हो गए। उन्होंने दुनिया के चश्मे से साफ़ पानी पिया और गदला छोड़ दिया। या यूं कह लीजिए कि इब्ने औफ़ ने अच्छा ज़माना पाया और बुरे वक़्त से पहले चले गए।

(रोशन सितारे ग़ुलाम बारी सैफ़ साहिब भाग 2 पृष्ठ 117)

हज़रत अब्दुर्रहमान बिन औफ़ रज़ि ने अपने पीछे रहने वालों में तीन बीवियां छोड़ीं। हर एक बीवी को उस के आठवें हिस्सा में से अस्सी हज़ार दिरहम दिए गए जबकि एक दूसरी रिवायत में आपकी चार बीवियां थीं और हर एक के हिस्से में अस्सी हज़ार आए।

(अत्तबकातुल कुबरा ले इब्ने सअद भाग 3 पृष्ठ 101अब्दुर्रहमान बिन औफ़ दारुल कुतुब अल्इलमिया बैरूत 1990 ई)

अब अगला ज़िक्र जिन सहाबी का है उनका नाम हज़रत सअद बिन मुआज़ रज़ि है। हज़रत सअद बिन मुआज़ रज़ि का सम्बन्ध अन्सार के क़बीला औस की शाख़ बनू अब्दुल अशहल से था और आप क़बीला औस के सरदार थे। आप के पिता का नाम मआज़ बिन नोमान था और माता का नाम कब्शा बिन्त राफ़िअ था जो सहाबिया रसूल सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम थीं। हज़रत सअद बिन मुआज़ रज़ि की कुनिय्यत अबू अमरो थी। हज़रत सअद बिन मुआज़ रज़ि की बीवी का नाम हिन्द बिन्त सिमाक रज़ि था जो सहाबिया थीं। हज़रत हिन्द रज़ि से हज़रत सअद बिन मुआज़ रज़ि की औलाद में अमरो और अब्दुल्लाह थे। हज़रत सअद बिन मुआज़ रज़ि और हज़रत उसैद बिन हुज़ैर ने हज़रत मुसअब बिन उमेर रज़ि के हाथ पर इस्लाम स्वीकार किया और हज़रत मुसअब बिन उमैर रज़ि बैअत उक़बा सानिया में शामिल होने वाले सत्तर सहाबा से पहले मदीना आ गए थे। उनको मदीना भिजवाया गया था। रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के आदेश के अनुसार लोगों को इस्लाम की तरफ़ बुलाते और उन्हें क़ुरआन पढ़ कर सुनाते। जब हज़रत सअद बिन मुआज़ रज़ि ने इस्लाम स्वाकीर किया तो बनू अब्दे अशहल से कहा कि मुझ पर हराम है कि मैं तुम्हारे मर्दों और औरतों से वार्तालाप करूँ यहां तक कि तुम इस्लाम स्वीकार कर लो। अत: इस क़बीला के सब लोगों ने इस्लाम स्वीकार कर लिया और अन्सार में से बनू अब्दे अशहल का घराना वह पहला घराना था जिसके सब मर्दों और औरतों ने इस्लाम स्वीकार किया।

हज़रत सअद बिन मुआज़ रज़ि हज़रत मुसअब बिन उमैर रज़ि और हज़रत असद बिन ज़ुरारा रज़ि को अपने घर ले आए। मुसअब बिन उमैर रज़ि और असद बिन ज़ुरारह रज़ि दोनों आदमियों को ले आए। फिर वे दोनों हज़रत सअद बिन मुआज़ रज़ि के घर में ही लोगों को इस्लाम की दावत दिया करते थे। हज़रत सअद बिन मुआज़ रज़ि और हज़रत उस बिन ज़ुरारह रज़े ख़लेरे भाई थे और हज़रत सअद बिन मुआज़ रज़ि और हज़रत उसैद बिन हुज़ैर रज़ि ने बनू अब्दुल अशहल के बुत तोड़े थे। एक ही ख़ानदान के थे। इसलिए जब सारा क़बीला मुसलमान हो गया तो उन्होंने उनके बुत तोड़े। रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने हज़रत सअद का भाईचारा हज़रत सअद बिन अबी वकास रज़ि से किया था। एक दूसरी रिवायत के अनुसार आपका भाईचारा हज़रत अबू उबैदा बिन अलजर्राह रज़ि से था।

(अत्तबकातुल कुबरा ले इब्ने सअद भाग 3 पृष्ठ 320-321'' सअद बिन मुआज़' दारुल कुतुब अल्इलमिया बैरूत 1990 ई)(उसदुल ग़ाबह फ़ी मअरफतिस्सहाबा भाग 2 पृष्ठ 461 '' सअद बिन मुआज़' दारुल कुतुब अल्इलमिया बैरूत 2003 ई)

(अल-असाबः फ़ी तमीज़िस्सहाबः ले इब्ने हिज्र असकलानी भाग 03 पृष्ठ 70 '' सअद बिन मुआज़' दारुल कुतुब अल्इलमिया बैरूत 1995 ई)

हज़रत सअद बिन मुआज़ रज़ि के इस्लाम स्वीकार करने की घटना का वर्णन करते हुए हज़रत मिर्ज़ा बशीर अहमद साहिब रज़ि ने सीरत ख़ातमन्नबिय्यीन में जो लिखा है वह यह है। लिखते हैं कि

बैअत उक़बा ऊला के बाद मक्का से विदा होते हुए इन बारह नौ मुस्लिमीन ने निवेदन किया कि कोई इस्लामी मुअल्लिम हमारे साथ भेजा जाए ताकि वह हमें वहां धर्म सिखाए हमें इस्लाम की शिक्षा दे और हमारे मुशरिक भाईयों को इस्लाम की तब्लीग़ करे। आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने मुसअब बिन उमैर रज़ि को जो क़बीला अब्दुल दार के एक निहायत मुख़लिस नौजवान थे उनके साथ रवाना कर दिया। हज़रत मुसअब बिन उमैर रज़ि को भेज दिया। इस्लामी मुबल्लिग़ इन दिनों में क़ारी या मुकरी कहलाते थे क्योंकि उनका काम अधिकतर क़ुरआन शरीफ़ सुनाना था क्योंकि यही तब्लीग़ इस्लाम का बेहतरीन माध्यम था। अत: मुसअब भी जब मुबल्लिग़ बन के यसरब में गए तो इसी कारण से मुकरी के नाम से मशहूर हो गए।

मुसअब बिन उमैर रज़ि ने मदीना पहुंच कर असअद बिन ज़ुरार्ह रज़ि के मकान पर निवास किया। शायद उस का कुछ हिस्सा मैं मुसअब बिन उमैर रज़ि के ज़िक्र में भी बता चुका हूँ। बहरहाल यहां भी यह वर्णन है। उन्होंने असद बिन ज़ुरारह रज़ि के मकान पर निवास किया जो मदीना में सबसे पहले मुसलमान थे। यह असअद बिन ज़ुरारह रज़ि वैसे भी एक निहायत मुख़लिस और प्रभावी बुज़ुर्ग थे और इसी मकान को अपना तब्लीग़ी मर्कज़ बनाया और अपने फ़रायज़ की अदायगी में लीन हो गए। और चूँकि मदीना में मुसलमानों को सामूहिक ज़िन्दगी नसीब थी और थी भी तुलनात्मक रूप से अमन की ज़िन्दगी, इसलिए असद बिन ज़ुरारह रज़ि के परामर्श पर आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने मुसअब बिन उमैर रज़ि को जुम्अ: की नमाज़ की हिदायत फ़रमाई। इस तरह मुसलमानों की सामाजी ज़िन्दगी का आरम्भ हुआ और अल्लाह तआला का ऐसा फ़ज़ल हुआ कि थोड़े ही समय में मदीना में घर-घर इस्लाम की चर्चा होने लगा। जुम्अ: बाक़ायदा वहां पढ़ा जाने लगा और इस्लाम की चर्चा भी होने लगा और औस और ख़ज़रज बड़ी तेज़ी के साथ मुसलमान होने शुरू हो गए। कई बार तो एक क़बीले का क़बीला एक दिन में ही सब का सब मुसलमान हो गया। अत: बनू अब्दुल अशहल का क़बीला भी इसी तरह एक ही वक़्त में इकट्ठा मुसलमान हुआ था। यह क़बीला अन्सार के मशहूर क़बीला औस का एक बड़ा हिस्सा था और इस के रईस का नाम सअद बिन मुआज़ रज़ि था जो सिर्फ क़बीला बनी अब्दुल अशहल के ही बड़े रईस नहीं थे बल्कि सारे क़बीला औस के सरदार थे।

जब मदीना में इस्लाम की चर्चा हुआ तो सअद बिन मुआज़ रज़ि को यह बुरा मालूम हुआ और उन्होंने उसे रोकना चाहा। जब सअद बिन मुआज़ रज़ि मुसलमान नहीं हुए थे और जब इस्लाम मदीना में फैलना शुरू हुआ यह क़बीले के रईस थे तो उनको बहुत बुरा लगा। परन्तु असद बिन ज़ुरार्ह रज़ि से उनकी बहुत क़रीब की रिश्तेदारी थी एक दूसरे के ख़लेरे भाई भाई थे और असद मुसलमान हो चुके थे इसलिए सअद बिन मुआज़ रज़ि ख़ुद सीधा दख़ल देते हुए झिजकते थे। रुकते थे कि आपस में रिश्तेदारियों में कोई कड़वाहट पैदा न हो जाए। अत: उन्होंने अपने एक दूसरे रिश्तेदार उसैद बिन अलहज़ीर से कहा कि असद बिन ज़ुरारा रज़ि की वजह से मुझे तो कुछ शर्म है परन्तु तुम जाकर मुसअब को रोक दो कि हमारे लोगों में यह बेदीनी न फैलाएं। आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने मक्का से जो मुबल्लिग़ भेजे थे उनको जा कर रोको कि यह धर्म हमारे शहर में न फैलाएं और असद रज़ि से भी कह दो कि यह तरीक़ा अच्छा नहीं है। उसैद जो थे वह क़बीला बनू अशहल के बड़े सरदारों में से थे। यहां तक कि उनके पिता जंग बुआस में सारे औस का सरदार रह चुके थे। जंग बुआस जो है इस का पहले भी ज़िक्र हो चुका है कि यह जंग इस्लाम से पहले मदीने के दो क़बीलों औस और ख़ज़रज के मध्य हुई थी।

बहरहाल सअद बिन मुआज़ रज़ि के बाद उसैद बिन हुज़ैर रज़ि का अपने क़बीला पर बहुत प्रभाव था। अत: सअद रज़ि के कहने पर वह मुसअब बिन उमैर रज़ि और असद बिन ज़रारह रज़ि के पास गए और मुसअब रज़ि से मुख़ातिब हो कर ग़ुस्सा के अन्दाज़ में कहा। तुम क्यों हमारे आदमियों को धर्म से विमुख करते फिरते हो। इससे रुक जाओ वर्ना अच्छा नहीं होगा। इससे पहले कि मुसअब रज़ि कुछ जवाब देते उसैद रज़ि ने धीरे से मुसअब रज़ि से कहा कि यह अपने क़बीला के एक प्रभाव वाले रईस हैं उनसे बहुत नर्मी और मुहब्बत से बात करना। अत: मुसअब रज़ि ने बड़े अदब और मुहब्बत के रंग में उसैद रज़ि से कहा कि आप नाराज़ न हों बल्कि मेहरबानी फ़र्मा कर थोड़ी देर तशरीफ़ रखें, ठंडे दिल से हमारी बात सुन लें और इस के बाद कोई राय क़ायम करें। उसैद रज़ि इस बात को उचित समझ कर बैठ गए और मुसअब रज़ि ने उन्हें क़ुरआन शरीफ़ सुनाया और बड़ी मुहब्बत के रंग में इस्लामी तालीम से परिचित किया। उसैद रज़ि पर इतना प्रभाव हुआ कि वहीं मुसलमान हो गए और फिर कहने लगे कि मेरे पीछे एक ऐसा आदमी है जो अगर ईमान ले आया तो हमारा सारा क़बीला मुसलमान हो जाएगा जिसने मुझे भेजा है। तुम ठहरो मैं उसे भी यहां भेजता हूँ। यह कह कर उसैद उठकर चले गए और किसी बहाना से सअद बिन मुआज़ रज़ि को मुसअब बिन उमैर रज़ि और असद बिन ज़ुरारा रज़ि की तरफ़ भिजवा दिया। सअद बिन मुआज़ रज़ि आए और बड़े क्रोधित हो कर असद बिन ज़ुरारा रज़ि से कहने लगे कि असअद! तुम अपनी रिश्तेदारी का नाजायज़ लाभ उठा रहे हो। मेरी जो तुम से रिश्तेदारी है इसका नाजायज़ फ़ायदा उठा रहे हो और यह ठीक नहीं है। इस पर मुसअब रज़ि ने जो मुबिल्लग़ थे और मक्का से आए हुए थे, इसी तरह नर्मी और मुहब्बत के साथ उनको ठंडा किया। हज़रत मुसअब रज़ि ने बड़ी मुहब्बत से उनसे बात की। उन्होंने कहा कि आप थोड़ी देर तशरीफ़ रखकर मेरी बात सुन लें और फिर अगर इस में कोई चीज़ ऐतराज़ के योग्य हो तो बे-शक रद्द कर दें। सअद ने कहा हाँ यह मांग उचित है और अपना नेज़ा टेक कर बैठ गए। नेज़ा उनके हाथ में था और अक्सर जो थे वह इस तरह ही हथियार ले के फिरा करते थे। और मुसअब रज़ि ने इसी तरह पहले क़ुरआन शरीफ़ की तिलावत की और फिर अपने दिलकश रंग में इस्लामी उसूल की व्याख्या की। हज़रत मिर्ज़ा बशीर अहमद साहिब रज़ि लिखते हैं अभी ज़्यादा देर नहीं गुज़री थी कि यह बुत भी राम था। अर्थात दिल उनका नर्म हो गया और उन पर भी इस्लाम की शिक्षा का असर हो गया। अत: सअद रज़ि ने मस्नून तरीक़ पर ग़ुसल कर के कलिमा शहादत पढ़ लिया और फिर उस के बाद सअद रज़ि और उसैद बिन हुज़ैर रज़ि दोनों मिलकर अपने क़बीला वालों की तरफ़ गए और सअद रज़ि ने उनसे अपने क़बीला वालों से विशेष अरबी अन्दाज़ में पूछा कि हे बनी अब्दुल अश्हल तुम मुझे कैसा जानते हो? सबने एक ज़बान हो कर कहा कि आप हमारे सरदार और सरदार इब्ने सरदार हैं और आपकी बात पर हमें पूर्ण भरोसा है। सअद रज़ि ने कहा तो फिर मेरे साथ तुम्हारा कोई सम्बन्ध नहीं जब तक तुम अल्लाह और उस के रसूल पर ईमान न लाओ। उसी समय तब्लीग़ भी शुरू कर दी। उस के बाद सअद रज़ि ने उन्हें इस्लाम के उसूल समझाए अर्थात अपने क़बीला वालों को इस्लाम के उसूल समझाए। तालीम दी और कहते हैं कि अभी उस दिन पर शाम नहीं आई थी और दिन ख़त्म नहीं हुआ था कि शाम से पहले पहले ही सारा क़बीला मुसलमान हो गया और सअद रज़ि और उसैद रज़ि ने ख़ुद अपने हाथों से अपनी क़ौम के बुत निकाल कर तोड़े।

सअद बिन मुआज़ रज़ि और उसैद बिन हुज़ैर रज़ि जो उस दिन मुसलमान हुए थे दोनों प्रमुख सहाबा में गिने जाते हैं और अन्सार में तो हज़रत मिर्ज़ा बशीर अहमद साहिब रज़ि लिखते हैं कि इस में शक नहीं उनका बहुत ही ऊंचा स्थान था। कोई शक नहीं इस में कि उनका बहुत बुलंद स्थान था। विशेष रूप से सअद बिन मुआज़ रज़ि को तो मदीना के अन्सार में वह पोज़ीशन हासिल थी जो मुहाजिरीन मक्का में हज़रत अबूबकर रज़ि को हासिल थी। यह नौजवान निहायत दर्जा के मुख़लिस, निहायत दर्जा के वफ़ादार और इस्लाम और इस्लाम के संस्थापक का एक निहायत जान कुर्बान करने वाला आशिक़ निकला और चूँकि वह अपने क़बीला का बड़ा सरदार भी था और निहायत ज़हीन था। इस्लाम में उसे वह पोज़ीशन हासिल हुई जो सिर्फ ख़ास बल्कि विशेष सहाबा को हासिल थी, बहुत ही ख़ास सहाबा को वह प्राप्त थी और निसन्देह उस की जवानी की मौत पर आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम का यह इरशाद कि सअद रज़ि की मौत पर तो रहमान का अर्श भी हरकत में आगया है एक गहरी सच्चाई पर आधारित था। उनकी जवानी में मौत हो गई थी।

अत: इस तरह तेज़ी के साथ औस और ख़ज़रज में इस्लाम फैलता गया। यहूद ख़ौफ़ भरी आँख के साथ यह नज़ारा देखते थे और दिल ही दिल में यह कहते थे कि ख़ुदा जाने क्या होने वाला है।

(उद्धरित सीरत ख़ातमन्नबिय्यीन हज़रत साहिबज़ादा मिर्ज़ा बशीर अहमद साहिब रज़ि एम-ए पृष्ठ 224 से 227) (फ़र्हंग सीरत पृष्ठ 60 ज़व्वार एकेडेमी कराची 2003 ई)

हज़रत मिर्ज़ा बशीर अहमद साहिब रज़ि ने किताब सीरत ख़ातमन्नबय्यीन में और अधिक एक जगह लिखा है कि अभी आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम को मदीना में तशरीफ़ लाए ज़्यादा समय नहीं गुज़रा था कि क़ुरैश मक्का की तरफ़ से अब्दुल्लाह बिन अबी बिन सलूल रईस क़बीला ख़ज़रज और उस के मुशरिक साथियों के नाम , मक्का वालों की तरफ़ से एक कठोरता का ख़त आया कि तुम लोग मुहम्मद(सल्लल्लाहो वसल्लम) की पनाह से अलग हो जाओ वर्ना तुम्हारी ख़ैर नहीं है। अत: इस ख़त के शब्द यह थे कि तुम लोगों ने हमारे आदमी मुहम्मद सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम को पनाह दी है और हम ख़ुदा की क़सम खा कर कहते हैं कि या तो तुम उस का साथ छोड़कर उस के ख़िलाफ़ जंग करो या कम से कम उसे अपने शहर से निकाल दो वर्ना हम अपना सारा लश्कर लेकर तुम पर हमला कर देंगे और तुम्हारे सारे मर्दों को कत्ल कर देंगे और तुम्हारी औरतों पर क़ब्ज़ा करके उन्हें अपने लिए जायज़ कर लेंगे।

जब मदीना में यह ख़त पहुंचा तो अब्दुल्लाह और उस के साथी जो पहले से ही दिल में इस्लाम के सख़्त दुश्मन हो रहे थे। उनके अन्दर आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के ख़िलाफ़, इस्लाम के ख़िलाफ़ द्वेष पनप रहे थे। उन्होंने आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम से जंग करने के लिए तैयारी शुरू कर दी, तैयार हो गए। आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम को जब यह सूचना मिली तो आप फ़ौरन उन लोगों से मिले और उन लोगों के पास गए। उनको, अब्दुल्लाह बिन अबी बिन सलूल और इस के साथियों को समझाया कि मेरे साथ जंग करने में तुम्हारा अपना ही नुक़्सान है क्योंकि तुम्हारे ही भाई तुम्हारे मुक़ाबला में होंगे। ये लोग जो

मुसलमान हुए हैं ये तुम्हारे क़बीला के लोग हैं, तुम्हारे शहर के लोग हैं और जब जंग करोगे तो यही लोग मेरी तरफ़ से तुम्हारे ख़िलाफ़ लड़ेंगे। अर्थात औस और ख़ज़रज के मुसलमानों ने बहरहाल मेरा साथ देना है। आप ने उन्हें यह फ़रमाया । फिर आप ने फ़रमाया अत: मेरे साथ जंग करने के सिर्फ यह अर्थ होंगे कि तुम लोग अपने ही बेटों और भाईयों और बापों के ख़िलाफ़ तलवार उठाओ। अब तुम ख़ुद सोच लो कि यह ठीक है। अब्दुल्लाह और उस के साथियों को जिनके दिलों में अभी तक जंग बुआस की तबाही की याद ताज़ा थी। आपस में यह लड़ते रहे थे। इस जंग से बड़ी तबाही फैली थी। उनको यह बात समझ आ गई कि दोबारा आपस में ही लड़ना पड़ेगा और वह इस इरादे से रुक गए।

जब क़ुरैश को इस चेष्टा में असफलता हुई तो उन्होंने कुछ अर्से के बाद इसी किस्म का एक ख़त मदीना के यहूद के नाम भी भेजा। दरअसल कुफ़्फ़ार मक्का का उद्देश्य यह था कि जिस तरह भी हो इस्लाम के नाम को संसार से मिटा दिया जाए। दुनिया से इस का नाम ही ख़त्म कर दिया जाए। मुसलमान उनके अत्याचारों से तंग आकर हब्शा गए। जब हब्शा की पहली हिजरत हुई थी तो वहां उन्होंने , काफ़िरों ने उनका पीछा किया। तो हमेशा पहले दिन से ही यही कोशिश की थी और इस बात की कोशिश में अपनी इंतिहाई ताक़त सिर्फ कर दी कि नेक दिल नज्जाशी इन पीड़ित वतन से निकलने वालों को मक्का वालों के हवाले कर दे। फिर आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम मक्का से हिजरत कर के जब मदीना आ गए तो क़ुरैश ने आपका पीछा करके आप को गिरफ़्तार कर लेने में भी कोई कोशिश बाक़ी नहीं रखी। पूरी कोशिश की। हर अवसर पर उन्होंने कोशिश की कि आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम को या इस्लाम को किसी तरह ख़त्म किया जाए और अब जब उन्हें यह पता चला कि आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम और आप के अस्हाब मदीना पहुंच गए हैं और वहां इस्लाम तेज़ी के साथ फैल रहा है तो उन्हों ने यह कठोर ख़त भेज कर मदीना वालों को आप के साथ जंग करके इस्लाम को मलियामेट कर देने या आप की पनाह से हट कर आप को मदीना से निकाल देने की तहरीक की। हज़रत मिर्ज़ा बशीर अहमद साहिब रज़ि लिखते हैं कि यह ख़त जो लिखा था तो क़ुरैश के इस ख़त से अरब की इस रस्म पर भी प्रकाश पड़ता है कि वह अपनी जंगों में अपने दुश्मनों के साथ दुश्मन के सारे मर्दों को क़त्ल करके उनकी औरतों पर क़ब्ज़ा कर लिया करते थे और फिर उनको अपने लिए जायज़ समझते थे और इसी तरह यह कि मुसलमानों के बारे में उनके इरादे इस से भी ज़्यादा ख़तरनाक थे क्योंकि जब यह सज़ा उन्होंने मुसलमानों के पनाह देने वालों को देनी थी और यह उनके लिए चुना थी कि हम तुम्हारे मर्दों को क़तल कर देंगे और औरतों को अपने लिए जायज़ कर लेंगे तो ख़ुद मुसलमानों के लिए तो निसन्देह वह इस से भी ज़्यादा सख़्त इरादे रखते होंगे। बहरहाल क़ुरैश मक्का का यह ख़त उनके किसी अस्थायी जोश का नतीजा नहीं था बल्कि स्थायी तौर पर इस बात का इरादा कर चुके थे कि मुसलमानों को चैन से नहीं बैठने देना। उनको चैन नहीं लेने देंगे और इस्लाम को दुनिया से मिटा कर छोड़ेंगे। अत: हज़रत मिर्ज़ा बशीर अहमद साहिब रज़ि ने अपनी किताब में एक घटना लिखी है।

लिखते हैं कि यह तारीख़ी घटना मक्का के ख़ूनी इरादों का पता दे रही है। वह घटना इस तरह है जिसकी बुख़ारी में रिवायत आती है कि हिजरत के कुछ समय बाद सअद बिन मुआज़ रज़ि जो क़बीला औस के बड़े सरदार थे और मुसलमान हो चुके थे उमरा के ख़्याल से मक्का गए और अपने जाहिलीयत के ज़माना के दोस्त, पुराने ज़माना में, जाहिलियत के ज़माना में उमय्या बिन ख़लफ रईस मक्का उनका दोस्त था। वह उस के पास जा के ठहरे। चूँकि वह जानते थे कि अगर वह अकेले उमरा अदा करने, तवाफ़ करने गए तो मक्का वाले उनके साथ ज़रूर छेड़-छाड़ करेंगे। इसलिए उन्होंने फ़ित्ना से बचने के लिए उमय्या से कहा कि मैं काबा का तवाफ़ करना चाहता हूँ। तुम मेरे साथ हो कर ऐसे वक़्त में मुझे तवाफ़ करा दो जबकि मैं एकान्त में अमन के साथ इस काम से फ़ारिग़ हो कर अपने वतन वापस चला जाऊं। अत: उमय्या बिन ख़लफ दोपहर के समय जबकि लोग प्राय अपने-अपने घरों में होते हैं सअद को लेकर काबा के पास पहुंचा लेकिन संयोग ऐसा हुआ कि ठीक उसी समय अबुजहल भी वहां आ निकला और जूंही उस की नज़र सअद रज़ि पर पड़ी उस की आँखों में ख़ून उतर आया परन्तु अपने ग़ुस्सा को दबा कर वह उमय्या से यूं कहने लगा हे सफ़वान! यह तुम्हारे साथ कौन शख़्स है? उमय्या ने कहा कि यह सअद बिन मुआज़ रज़ि रईस औस है। इस पर अबुजहल बहुत क्रोधित हो कर सअद रज़ि से मुख़ातब हुआ कि क्या तुम लोग ये ख़्याल करते हो कि इस मुर्तद (नऊज़-बिल्लाह) मुहम्मद सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम को पनाह देने के बाद तुम लोग अमन के साथ काबा का तवाफ़ कर सकोगे और तुम यह कल्पना करते हो कि तुम उस की अर्थात आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की सुरक्षा और सहायता की शक्ति रखते हो? कहने लगा कि ख़ुदा की क़सम अगर इस वक़्त तेरे साथ अबू सफ़वान न होता तू अपने घरवालों के पास बच कर न जाता सअद बिन मुआज़ रज़ि फ़ित्ना से बचते थे परन्तु उन की रगों में भी रियासत का ख़ून था और दिल में ईमानी ग़ैरत जोश मार रही थी। कड़क कर बोले कि अल्लाह की कसम अगर तुम ने हम को काबा से रोका तो याद रखो कि फिर तुम्हें भी तुम्हारे शाम के रास्ते पर अमन नहीं मिल सकेगा। हम भी रास्ते में बैठे हैं हम भी तुम्हारे ख़िलाफ़ बहुत कुछ करेंगे। उमय्या ने उनकी जो ये बात सुनी और इसी तरह उनका ग़ुस्सा भी देखा तो कहने लगा कि सअद देखो अबु -हकम सय्यद अहले वादी के मुक़ाबला में यूं आवाज़ ऊंची नाकरो। कि यह अबुल-हकम जो है मक्का वाले अबुजहल का नाम अबुल-हकम लेते थे, मक्का की वादी का यह सरदार है। इस के सामने इस तरह बुलन्द आवाज़ से न बोलो। सअद रज़ि भी ग़ुस्से में थे उस की ये बात सुन कर उमय्या को कहने लगे कि जाने दो उमय्या तुम इस बात में न पड़ो। अल्लाह की कसम मुझे रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की पेशगोई नहीं भूलती कि तुम किसी दिन मुसलमानों के हाथों से क़तल होगे। अर्थात उमय्या जो है वह मुसलमानों के हाथों से क़त्ल होगा। यह ख़बर सुनकर उमय्या बिन ख़लफ सख़्त घबरा गया और घर में आकर उसने अपनी बीवी को सअद रज़ि की इस बात की सूचना दी और कहा कि ख़ुदा की क़सम मैं तो अब मुसलमानों के ख़िलाफ़ मक्का से नहीं निकलूँगा। यह यक़ीन था कि आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने बात की है और हमेशा आप की बातें पूरी होती हैं तो मेरे बारे में भी यह बात पूरी हो जाएगी। लेकिन तक़दीर के लिखे पूरे होने थे। बदर के अवसर पर उमय्या को विवश हो कर मक्का से निकलना पड़ा और वहीं वह मुसलमानों के हाथ से क़तल होकर अपने अन्जाम को पहुंचा। यह उमय्या वही था जो हज़रत बिलाल रज़ि पर इस्लाम के कारण से निहायत सख़्त अत्याचार किया करता था।

(उद्धरित सीरत ख़ातमन्नबिय्यीन हज़रत साहिबज़ादा मिर्ज़ा बशीर अहमद साहिब रज़ि एम-ए पृष्ठ 280 से 282)

सही बुख़ारी की एक रिवायत में इस तरह ज़िक्र है कि हज़रत अब्दुल्लाह बिन मसूद रज़ि से रिवायत है कि हज़रत सअद बिन मुआज़ रज़ि उमरा की नीयत से चले गए। हज़रत अब्दुल्लाह रज़ि कहते थे और वह उमय्या बिन ख़लफ अबू सफ़वान के पास उतरे। उन्होंने यह रिवायत की कि इस के पास उतरे। पुराना परिचय था। उमय्या हज़रत सअद रज़ि के पास मदीना में आ के ठहरा करता था और जब आप ने उमरा का इरादा किया तो यही सोचा कि इस के पास ठहरें और अमन से उमरा कर सकें। उमय्या की आदत थी कि जब शाम की तरफ़ जाता था तो मदीना से गुज़रता था और हज़रत सअद रज़ि के पास ठहरता था। जैसा कि मैंने कहा कि पुराना परिचय थी। वह उनके पास मदीना में ठहरता था तो आप ने, हज़रत सअद रज़ि ने भी इरादा किया कि इस के पास ठहरें। जब आप ने ज़िक्र किया कि मैंने उमरा करना है तो उमय्या ने हज़रत सअद रज़ि से कहा कि अभी इंतज़ार करो। जब दोपहर हो और लोग ग़ाफ़िल हो जाएं तो जा कर तवाफ़ कर लेना। रिवायत वाले कहते हैं कि उस समय में कि हज़रत सअद रज़ि तवाफ़ कर रहे थे क्या देखते हैं कि अबुजहल है। अबुजहल उस दौरान आ गया और वह कहने लगा यह कौन है? यह कौन है जो काबा का तवाफ़ कर रहा है? हज़रत सअद रज़ि ने कहा मैं सअद हूँ। ख़ुद ही जवाब दिया मैं सअद हूँ। अबुजहल बोला क्या तुम ख़ाना काबा का तवाफ़ अमन से करोगे हालाँकि तुमने मुहम्मद (सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम)और इस के साथियों को पनाह दी है। हज़रत सअद रज़ि ने कहा हाँ। तब इन दोनों ने एक दूसरे को गालियां दीं। यह रावी रिवायत करते हैं। उमय्या ने हज़रत सअद से कहा अबुल हकम पर अपनी आवाज़ ऊंची न करो क्योंकि वह वादी में रहने वाले लोगों का सरदार है। हज़रत सअद रज़ि ने कहा अर्थात अबुजहल को कहा ख़ुदा की कसम अगर तुमने बैतुल्लाह का तवाफ़ करने से मुझे रोका तो मैं भी शाम से तुम्हारा व्यापार बंद कर दूँगा। हज़रत अब्दुल्लाह बिन मसूद रज़ि कहते हैं कि यह सुनकर अमय हज़रत सअद रज़ि से यही कहता रहा कि अपनी आवाज़ को बुलंद न करो और उनको रोकता रहा। हज़रत सअद रज़ि ग़ुस्सा में आ गए और कहने लगे हमें इन बातों से रहने दो। मैं और यह अबुजहल बात कर रहे हैं, हमें बात करने दो और उमय्या को कहा कि मैंने मुहम्मद सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम से सुना है। आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम फ़रमाते थे कि उमय्या को यही क़तल करवाने वाला है अर्थात अबुजहल जो है यही तुम्हारे क़त्ल का माध्यम बनेगा। उमय्या ने कहा, मुझे? हज़रत सअद रज़ि ने कहा हाँ। यह सुनकर उमय्या बोला अल्लाह की क़सम !मुहम्मद जब बात कहते हैं तो झूठी बात नहीं कहते।

आख़िर वह अपनी बीवी के पास वापस आया और कहने लगा क्या तुम्हें पता नहीं कि मेरे यसरबी भाई ने मुझ से क्या कहा है? उसने पूछा क्या कहा? उमय्या ने कहा कहता है कि उसने मुहम्मद सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम से सुना है कि वह कहते हैं कि अबुजहल ही मेरा क़ातिल होगा। उस की बीवी ने कहा अल्लाह की क़सम! मुहम्मद तो झूठी बात नहीं किया करते (सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम) हज़रत अब्दुल्लाह बिन मसूद रज़ि कहते थे कि जब वह बदर की तरफ़ निकले और मदद मांगने के लिए फ़र्यादी आया तो उमय्या की बीवी ने उसे कहा कि क्या वह बात तुम्हें याद नहीं जो तुम्हारे यसरबी भाई ने तुमसे कही थी। बदर के लिए जब निकलने लगे तो याद कराया कि तुम जा रहे हो लेकिन वह बात याद रखो। कहते थे उसने चाहा कि न निकले अर्थात उमय्या ने इस बात पर चाहा कि न निकले परन्तु अबुजहल ने उसे कहा कि तुम इस वादी के रईसों में से हो तो एक दो दिन के लिए ही साथ चलो। अत: वह उनके साथ दो दिन के लिए चला गया और अल्लाह तआला ने उस को क़त्ल करा दिया।

(सही बुख़ारी हदीस 3632)

एक दूसरी रिवायत में उमय्या बिन ख़लफ के जंग बदर में शरीक होने और क़तल किए जाने के बारे में यूं वर्णन हुआ है। हज़रत सअद रज़ि ने कहा उमय्या ख़ुदा की कसम मैंने रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम से सुना है आप फ़रमाते थे कि वह अर्थात सहाबा तुम्हें मार डालेंगे। उसने पूछा मक्का में? हज़रत सअद रज़ि ने कहा कि यह मैं नहीं जानता। उमय्या हज़रत सअद की यह बात सुनकर बहुत डर गया। जब उमय्या अपने घर गया तो अपनी बीवी सफिया अथवा करीमा बिन्त मुअमर से कहने लगा कि हे उम्मे सफ़वान तूने सअद की बात सुनी जो उसने मेरे बारे में कही। बीवी ने कहा कि क्यों सअद क्या कहता है? इस पर उमय्या ने कहा वह कहता है कि मुहम्मद सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने उनसे वर्णन किया है कि वह मुझको मार डालेंगे। मैंने पूछा कि मक्का में? तो उसने कहा कि मैं नहीं जानता। फिर उमय्या ने कहा कि ख़ुदा की कसम मैं मक्का से निकलूँगा ही नहीं। इस क़दर भयभीत हो गया। जब बदर की जंग हुई तो अबुजहल ने लोगों से जंग के लिए निकलने को कहा और उमय्या को भी कहा कि अपने क़ाफ़िला को बचाने के लिए पहुँचो। उमय्या ने निकलना पसंद नहीं किया। अबुजहल उमय्या के पास आया। जब भेजे हुए पैग़म्बर का इन्कार कर दिया तो फिर अबुजहल ख़ुद आया और कहने लगा कि सफ़वान! जब लोग तुम्हें देखेंगे कि तुम ही पीछे रह गए हो जबकि तुम वादी के सरदारों में से हो तो वे भी तुम्हारे साथ पीछे रह जाएंगे। अबुजहल उसे समझाता रहा। आख़िर उमय्या ने कहा कि अगर तुमने मजबूर ही करना है तो ख़ुदा की कसम मैं मक्का से एक निहायत ही उम्दा ऊंट खरीदूंगा। इस के बाद उमय्या ने कहा उम्मे सफ़वान मेरे लिए सफ़र का सामान तैयार करो। अपनी बीवी से कहा तो वह उसे कहने लगी कि तुम वह बात भूल गए हो जो तुमसे तुम्हारे यसरबी भाई ने कही थी। कहने लगा नहीं। मैं भूला नहीं हूँ। मैं थोड़ी दूर उनके साथ जाना चाहता हूँ। वापस आ जाऊंगा आख़िर तक नहीं जाऊँगा। जब उमय्या निकला तो जिस मंज़िल में भी वह उतरता वहां अपना ऊंट का घटना बांध देता। वह यही सावधानी करता रहा यहां तक कि अल्लाह तआला ने बदर में उस को हलाक कर दिया

(सही बुख़ारी किताबुल मग़ाज़ी, बाब ज़िक्रे नबी मन यकतल बे बदर हदीस 3950)

